पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला गुढ़मुक्तेश्वर तथा तिगरी मेले की तैयारियों की समीक्षा की

सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को मेला प्रारम्भ से पहले निरीक्षण करने का निर्देश

'वेस्टर्न उत्तर प्रदेश का मिनी कुम्भ' यह मेला श्रद्धा, अनुशासन व स्वच्छता का प्रतीक बनेगा : मुख्यमंत्री

सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल समेत समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न हो

मेला क्षेत्र में सी0एच0सी0 स्तर के अस्थायी हॉस्पिटल बनाए जाएं, पर्याप्त मैनपावर, एम्बुलेंस समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें

ए0डी0जी0, आई0जी0, डी0आई0जी0, एस0एस0पी0 स्तर के अधिकारी पुलिस बल की काउंसिलिंग कर लें

मेले में श्रीमद्भागवत कथा, रासलीला, रामलीला, भगवान शिव से जुड़े आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए

खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए

मेले के दौरान नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाए, बच्चों की स्लोगन, भाषण, वाद–विवाद, निबन्ध आदि प्रतियोगिताएं कराई जाए

फायर टेण्डर अलर्ट मोड पर रहे, कंट्रोल रूम 24 घण्टे सक्रिय रहे

लखनऊ : 10 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला गुढ़मुक्तेश्वर तथा तिगरी मेले की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मेरठ, बरेली, अमरोहा, हापुड़, मुरादाबाद आदि मण्डलों/जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

मुख्यमंत्री जी ने मेले की समयबद्ध तैयारियों के निर्देश देते हुए कहा कि 'वेस्टर्न उत्तर प्रदेश का मिनी कुम्भ' यह मेला श्रद्धा, अनुशासन व स्वच्छता का प्रतीक बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम यातायात व स्वच्छता की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आगामी 17 से 26 नवम्बर तक लगने वाले इस मेले में 25 से 30 लाख श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्तिक पूर्णिमा 24 नवम्बर को मुख्य स्नान पर्व होगा। यहां आस्था, परम्परा व सुव्यवस्था का संगम होगा, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। यहां सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल समेत समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल न हो।

मुख्यमंत्री ने शासन के गृह, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, सिंचाई, नगर विकास, ऊर्जा, पंचायती राज, स्वास्थ्य समेत सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को मेला प्रारम्भ से पहले स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेले के कमाण्ड एरिया में शराब व नशे की वस्तुओं की बिक्री न होने दी जाए और न ही मेला स्थलों पर आस्था के विपरीत कोई आचरण होने पाये। घाटों पर स्नान के लिए पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। मेले के दौरान प्रत्येक घाट पर जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पर्याप्त स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की जाए। मेला क्षेत्र में सी0एच0सी0 स्तर के अस्थायी हॉस्पिटल बनाए जाएं। पर्याप्त मैनपावर, एम्बुलेंस समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। विद्युत की नियमित आपूर्ति व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी, एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0 की टीमें दोनों तरफ तैनात की जाएं। मेले से पहले ए0डी0जी0, आई0जी0, डी0आई0जी0, एस0एस0पी0 स्तर के अधिकारी पुलिस बल की काउंसिलिंग कर लें। पुलिसकर्मी रील बनाने की प्रवृत्ति से दूर रहें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम, वॉच टावर, फायर टेण्डर, सी0सी0टी0वी0, यातायात–पार्किंग प्रबन्धन, डायवर्जन आदि की समुचित व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि मेले में खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को मंच दिया जाए। मंच पर सभ्य कार्यक्रम ही हों, आस्था के विपरीत कोई भी कार्यक्रम न हो। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर हर आयुवर्ग के विजेताओं को सम्मानित किया जाए। उन्होंने पर्यटन–संस्कृति विभाग को निर्देशित किया कि मेले में श्रीमद्भागवत कथा, रासलीला, रामलीला, भगवान शिव से जुड़े आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। लेजर शो, ड्रोन शो आदि भी कराए जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाए। बच्चों की स्लोगन, भाषण, वाद–विवाद, निबन्ध आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर धार्मिक व राष्ट्रभक्ति गीत बजाए जाएं और जनता के बीच अच्छे कार्यों को पहुंचाया जाए। शासन की योजनाओं व उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देश दिया कि फायर टेण्डर अलर्ट मोड पर रहे। कंट्रोल रूम 24 घण्टे सक्रिय रहे। मेले में अवांछनीय तत्वों व वन्यजीवों के प्रति सतर्कता बरती जाए। परिवहन विभाग श्रद्धालुओं के आवागमन के मद्देनजर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

————————

PN-CM-Review Meeting-Gadhmukteshwar & Tigri Mela-10 November, 2026